>

Title : Need to grant approval for four laning of National Highway No. 59A between Indore and Betul.

श्रीमती सुमित्रा महाजन (इन्दौर): इन्दौर से अहमदाबाद राष्ट्रीय राजामार्ग क्रमांक 59 का 4 लेनिंग का कार्य स्वीकृत किया जा चुका है तथा इस राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य प्रगति पर है। इस के साथ ही इन्दौर-बैतूल-नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 59-ए है। जिसकी वर्तमान स्थिति अत्यंत दयनीय है। जबकि इन्दौर-बैतूल के 4 लेनिंग करने से अहमदाबाद से इन्दौर-बैतून-नागपुर-रायपुर होते हुए कोलकाता तक का 4 लेन मार्ग उपलब्ध हो जायेगा जिसका जुड़ाव विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों द्वारा हो जाता है। जबकि इन्दौर-बैतूल तक की स्थिति अत्यंत दयनीय होने से इस मार्ग का कम उपयोग होता हे और लोगों को लंबे मार्ग का उपयोग करना पड़ता है। जिससे यहां की यातायात गणना वास्तविक नहीं आती है। मेरे मत में इसके छोटे से भाग इन्दौर-बैतूल को 4 लेनिंग करने से राष्ट्रीय आवागमन के महत्व के अहमदाबाद से कोलकाता की सुविधा प्राप्त हो सकती है। इससे वर्तमान में उपयोग होने वाले लंबे रास्ते का विकल्प छोटा मार्ग बन सकेगा इससे यात्रा समय एवं ईंधन की भी बचत होगी। अतः मेरा सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी से निवेदन है कि इन्दौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग को शीघ्र से शीघ्र 4 लेनिंग हेतु स्वीकृत किया जाये।